भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्यसभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 174

उत्तर देने की तारीख: गुरूवार,16 मार्च, 2023

25 फाल्गुन, 1944 (शक)

पूर्वोत्तर में सांस्कृतिक विरासत स्थल

174. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार, विभिन्न राज्यों, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यो में कितने सांस्कृतिक विरासत केंद्रों और विरासत की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य स्थानों की पहचान की गई है;

(ख) केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं ;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में इस उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) देश में ऐसे संरक्षित सांस्कृतिक विरासत स्थलों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार/एएसआई द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

राज्य सभा में दिनांक 16.03.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 174 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

(क): देश में 3696 केंद्रीय संरक्षित स्मारक /स्थल हैं जिसमें पूर्वोतर क्षेत्र में स्थित 83 स्मारक /स्थल शामिल हैं ।

(ख): केंद्रीय संरक्षित स्मारकों /स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है जो कि एक नियमित प्रक्रिया है । राज्य सरकारें उनके राज्यों में स्थित अन्य स्मारकों का संरक्षण और परिरक्षण करती है ।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवंटित निधियां इस प्रकार हैं :-

वर्ष	आवंटन (राशि करोड़ में)
2019-20	435.61
2020-21	260.90
2021-22	270.00
2022-23	369.76

(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण स्कूल और कालेज के छात्रों और जन साधारण को शामिल करते हुए प्रदर्शिनियों, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व धरोहर दिवस, विश्व धरोहर सप्ताह, अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती आदि जैसे विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है ।

*****